अमर उजाला

6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण बरेली | शुक्रवार, 8 मार्च 2024 फाल्गुन कृष्ण-त्रयोदशी ■ विक्रम संवत-2080

PAGE NO, 02 ,MIDDLE RIGHT

■ **प्रतियोगिता :** एसआरएमएस की ओर से टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर स्थित स्टेडियम में सुबह 9 बजे से।

PAGE NO, 07, MIDDLE

टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

बरेली। टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सीजन की शुरुआत शुक्रवार को होगी। इसका आयोजन एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें 12 टीमें प्रतिभाग करेंगी।

ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि पहले दिन सुबह नौ बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनाम 22 याड्‌र्स पीलीभीत व दोपहर 12.30 बजे साई क्रिकेट एकेडमी बनाम स्क्रीमिंग ईगल्स के बीच मैच खेले जाएंगे। आयोजन समिति के सचिव कपिल भूषण ने बताया कि रोजाना दो मुकाबले होंगे। एकेडमी के कोच मनीष सिंह ने कहा कि तीन-तीन टीमों के चार ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप में सभी टीमों को 2-2 मैच खेलने होंगे। जीतने वाली दोनों टीमें 14 मार्च को होने वाले क्वार्टर फाइनल में खेलेंगी। 16 को सेमी फाइनल और 18 मार्च को फाइनल मैच आयोजित होगा। संवाद

18 मार्च को होगा फाइनल मुकाबला